This Question Paper consists of **34 questions** and **8 printed pages**.
इस प्रश्न-पत्र में **34 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ** हैं ।

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No.
कोड नं. **55/OS/2**

Set A

ECONOMICS
(अर्थशास्त्र)
(214)

Day and Date of Examination
परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

Signature of Invigilators 1. ____________________
निरीक्षकों के हस्ताक्षर
2. ____________________

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.
5. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
6. Write your Question Paper code No. **55/OS/2-A** on the Answer-Book.
7. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi. You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **55/OS/2-A** लिखें।
7. (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(214)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (1) **All** questions are compulsory.

(2) Marks allotted to each question are indicated against it.

(3) Each question from Q. Nos. **1** to **8** has four alternatives (A), (B), (C) and (D) and out of which one is the most appropriate. Select the correct answer and write it in your answer-book against the number of question.

निर्देश : (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्न क्रमांक **1** से **8** तक, प्रत्येक प्रश्न में चार वैकल्पिक उत्तर (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं जिनमें से एक सही या सर्वाधिक उचित है। सही उत्तर चुनिये तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में उसे प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये।

---

1. In the late 20^{th} century economics is treated as : **1**

(A) Science of welfare
(B) Science of scarcity and choice
(C) Science of growth and development
(D) Science of sustainable development

बीसवीं शताब्दी के अंत में अर्थशास्त्र को कहा जाता है :

(A) कल्याण का विज्ञान
(B) दुर्लभता तथा चयन का विज्ञान
(C) संवृद्धि तथा विकास का विज्ञान
(D) धारणीय विकास का विज्ञान

2. Which of the following is a feature of a capitalist economy ? **1**

(A) Consumer's Sovereignity prevails
(B) Collective ownership of means of production
(C) Reduction in inequalities of income and wealth
(D) Co-existence of public and private sectors

निम्नलिखित में से कौन सी पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की एक विशेषता है ?

(A) उपभोक्ता प्रभुत्व होता है
(B) उत्पादन के साधनों का सामूहिक स्वामित्व
(C) आय और सम्पत्ति की विषमताओं में कमी
(D) सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रकों का सहअस्तित्व

3. Problem of Allocation of Resources deals with : **1**

(A) What goods and services shall be produced ?

(B) How shall goods and services be produced ?

(C) For whom shall goods and services be produced ?

(D) All the above

संसाधनों के आबंटन की समस्या इस बारे में बात करती है :

(A) किन वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किया जाएगा ?

(B) वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन कैसे किया जाएगा ?

(C) वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन किसके लिये किया जाएगा ?

(D) उपर्युक्त सभी

4. Maximum number of persons who can own partnership production units, is : **1**

(A) 10 (B) 20 (C) 30 (D) 40

व्यक्तियों की अधिकतम संख्या जिनके स्वामित्व में साझेदारी उत्पादन इकाई हो सकती है, होती है :

(A) 10 (B) 20 (C) 30 (D) 40

5. Which is an example of 'Collaboration' ? **1**

(A) Johnson and Johnson (B) Airtel

(C) Maruti-Suzuki Ltd. (D) Life Insurance Corporation

इनमें से विदेशी सहयोग का उदाहरण है :

(A) जानसन एण्ड जानसन (B) एयरटैल

(C) मारुति-सुजुकी लि. (D) जीवन बीमा निगम

6. The goods whose demand decreases when the income of the buyer increases are : **1**

(A) Inferior goods (B) Normal goods

(C) Substitute goods (D) Complementary goods

वे वस्तुएं जिनकी मांग उपभोक्ता की आय बढ़ने पर घटती है, होती है :

(A) निकृष्ट वस्तुएं (B) सामान्य वस्तुएं

(C) स्थानापन्न वस्तुएं (D) पूरक वस्तुएं

7. Variable having a specific value, is called : **1**

(A) Attribute (B) Continuous variable

(C) Discrete variable (D) None of the above

ऐसा चर जिसका एक विशिष्ट मूल्य होता है, कहलाता है :

(A) गुण (B) अविच्छिन्न चर

(C) विच्छिन्न चर (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

8. Act which provides a consumer all the support and guidance is called : **1**
(A) Standard of Weights and Measures Act, 1976
(B) Prevention of Food Adulteration Act, 1954
(C) Essential Commodities Act, 1955
(D) Consumer Protection Act, 1986

वह अधिनियम जो उपभोक्ता की पूरी सहायता तथा मार्ग दर्शन करता है, कहलाता है :
(A) भार और माप मापक अधिनियम, 1976
(B) खाद्य पदार्थ मिलावट निरोधक अधिनियम, 1954
(C) अनिवार्य वस्तु अधिनियम, 1955
(D) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986

9. On the basis of your daily life experience give two examples of public goods being used by you. **2**
अपने दैनिक जीवन के अनुभव के आधार पर आपके द्वारा प्रयोग की जाने वाली दो सार्वजनिक वस्तुओं के उदाहरण दीजिए।

10. What is meant by a developed economy and a developing economy ? **2**
विकसित अर्थव्यवस्था तथा विकासशील अर्थव्यवस्था से क्या अभिप्राय है ?

11. Explain 'product based' division of labour. **2**
'उत्पाद आधारित' श्रम विभाजन की व्याख्या कीजिए।

12. Complete the following table : **2**

Units of Labour	Total Product	Average Product	Marginal Product
1	10	-	10
2	30	15	-
3	54	-	24
4	-	21	30

निम्नलिखित सारणी को पूरा कीजिए :

श्रम की इकाइयां	कुल उत्पाद	औसत उत्पाद	सीमान्त उत्पाद
1	10	-	10
2	30	15	-
3	54	-	24
4	-	21	30

13. Explain how does the change in Government's policy affect the supply of a good. **2**
सरकारी नीति में परिवर्तन किसी वस्तु की आपूर्ति को कैसे प्रभावित करता है ? समझाइये।

14. Draw a demand curve with the help of the data given below : **2**

Price of oranges (₹)	Quantity demanded of oranges
2	10
4	8
6	6
8	4

निम्नलिखित आंकड़ों की सहायता से मांग वक्र बनाइये :

संतरों की किमत (₹)	संतरों की मांगी गई मात्रा
2	10
4	8
6	6
8	4

15. Explain the problem of 'double coincidence of wants' faced with the barter system of exchange. **2**

वस्तु-विनिमय प्रणाली की 'आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की कमी' की समस्या की व्याख्या कीजिए।

16. Explain how primary data are collected with the help of 'Indirect investigation method'. **2**

'अप्रत्यक्ष अनुसंधान विधि' द्वारा प्राथमिक आंकड़ों का संकलन किस प्रकार किया जाता है? समझाइये।

17. Give two causes of soil degradation. **2**

भूमि के निम्नीकरण के दो कारण दीजिए।

18. With the help of examples give two ways of becoming a "Green Consumer" in the society. **2**

समाज में हरित उपभोक्ता होने के लिये उदाहरण की सहायता से कोई दो तरीके दीजिए।

19. What role does Macroeconomics play in the decision making by the government ? **4**

सरकार द्वारा निर्णय लेने में समष्टि अर्थशास्त्र की क्या भूमिका होती है?

20. Explain the problem of 'allocation of resources' in a mixed economy. **4**

मिश्रित अर्थव्यवस्था में 'संसाधनों के आबंटन' की समस्या को समझाइये।

21. Explain the role and importance of firms and industries in providing employment and infrastructure for the development of the country. **4**

देश में रोजगार उपलब्ध कराने तथा आधारिक संरचना के विकास में फर्म तथा उद्योगों की भूमिका तथा महत्व की व्याख्या कीजिए।

22. What is meant by substitute goods and complementary goods ? Give one example of each. **4**

स्थानापन्न वस्तुएं तथा पूरक वस्तुओं से क्या अभिप्राय है ? प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।

23. Explain money as 'a medium of exchange' and 'a measure of value.' **4**

'विनिमय के माध्यम' तथा 'मूल्य का मापन' के रूप में मुद्रा की व्याख्या कीजिए।

24. Suppose, you have to open a savings account in U Co Bank in your locality. Explain how will you do so ? **4**

मान लीजिये, आपको अपने इलाके में यू को बैंक में एक बचत खाता खोलना है। समझाइये कि आप ये खाता किस प्रकार खोलेंगे ?

25. What is meant by central tendency ? Give two important precautions to be taken while using arithmetic mean as a measure of central tendency. **4**

केन्द्रीय प्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है ? केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप के रूप में समान्तर माध्य की प्रयोग किये जाने में ली जाने वाली दो महत्वपूर्ण सावधानियां दीजिये।

26. Describe any two specific areas of economics where the use of data is very important. **4**

अर्थशास्त्र के ऐसे किन्हीं दो विशेष क्षेत्रों का वर्णन कीजिए जहां आंकड़ों का प्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

27. Calculate the arithmetic mean from the following data by the shortcut method : **4**

X	No. of Students
0	20
1	10
2	70
3	60
4	40

निम्नलिखित आंकड़ों से लघु विधि द्वारा समान्तर माध्य की गणना कीजिए :

X	छात्रों की संख्या
0	20
1	10
2	70
3	60
4	40

28. Explain how the frequent occurrence of famines had been the worst part of the British rule in India. **4**

भारत में बार-बार अकाल पड़ना अंग्रेजी शासन का सबसे बुरा समय कैसे था ? व्याख्या कीजिए।

29. Establish and explain the link between agriculture, industry and service sectors with the help of a suitable example from real life. **4**

वास्तविक जीवन से एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से कृषि, उद्योग तथा सेवा क्षेत्रकों के बीच सहबन्धन स्थापित कीजिए।

30. Explain the 'Consumer Redressal System' in India. **4**

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण पद्धति' की व्याख्या कीजिए।

31. Explain any four features of monopoly market. **6**

एकाधिकारी बाजार की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

32. Give the factors that led to the decline of handicraft industry in India. **6**

ऐसे कारक बताइये जिनके कारण भारत में हस्तकला उद्योग का पतन हुआ।

33. Why did the government of India adopt five year plans to achieve development ? Explain. **6**

विकास प्राप्त करने के लिये भारत सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं को क्यों अपनाया ? व्याख्या कीजिए।

34. Mention the various kinds of knowledge required on 'Consumer Awareness' by the consumer. **6**

उन विभिन्न प्रकार की जानकारियों का उल्लेख कीजिये जिनका उपभोक्ता जागरुकता के बारे में उपभोक्ता को होना आवश्यक है।

- o O o -